श्याम तेरा मनमोहक मुखड़ा वाह तेरा क्या कहना

श्याम तेरा मनमोहक मुखड़ा,
उस पर नैन कमाल,
वाह तेरा क्या कहना,
वाह तेरा क्या कहना,
सिर पे मुकुट ये मणियों वाला,
और घुंघराले बाल,
वाह तेरा क्या कहना,
वाह तेरा क्या कहना।bd।

देखे – प्यारा सा मुखड़ा।

चमक तेरे चेहरे की जैसे,
निकली हर दम धुप है,
देखा ना हमने कभी,
ऐसा प्यारा ये रूप है,
नज़र डाल के कर देता है,
पूरे सभी सवाल,
वाह तेरा क्या कहना,
वाह तेरा क्या कहना।bd।

तीन बाण वाले तेरी,
अलग ही निशानी है,
मोरछड़ी की तेरी,
निराली कहानी है,
जिसके सिर पे घूम जाए,
वो हो जाता निहाल,
वाह तेरा क्या कहना,
वाह तेरा क्या कहना।bd।

हर दिल को धीरज मिलता,
तेरे दर पे आते ही,
दीवाना वो बन जाए,
दर्शनों को पाते ही,
तेरी ये मुस्कान काटती,
पल में सब जंजाल,
वाह तेरा क्या कहना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

वाह तेरा क्या कहना।bd।

श्याम तेरा मनमोहक मुखड़ा,
उस पर नैन कमाल,
वाह तेरा क्या कहना,
वाह तेरा क्या कहना,
सिर पे मुकुट ये मणियों वाला,
और घुंघराले बाल,
वाह तेरा क्या कहना,
वाह तेरा क्या कहना।bd।

Singer – Prerna Mittal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com